तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 19 मई 2025

11 सेना के पराक्रम ने देश का मान बढ़ाया, तिरंगा यात्रा निकाली



12 जिले के समीपस्थ पचासों गांवों 75 साल ..






# घटिया चना बीज का मामला समाधान शिविर में उठा पर सुलझा नहीं, किसानों में आक्रोश

## जिपं सभापति तेजराम साहू ने तीखे तेवर दिखाए एवं चेतावनी दी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

कृषि विभाग द्वारा किसानो को दिए गए चना बीज के अंकुरण नही होने की शिकायते लगातार की जा रही है। किसान आरंभ से शिकायत कर रहे है। अब मामला सुशासन तिहार के तीसरे चरण मे आयोजित समाधान शिविरो मे भी उठने लगा है। कई बार कहने के बाद भी जब किसानो की समस्या का समाधान नही निकला तब समाधान शिविर के मंच से जिला पंचायत सभापति तेजराम साहू ने तीखे तेवर दिखाया एवं अधिकारियो को चेतावनी दी। तेजराम साहू ने कहा मुझे लगातार किसानो से शिकायते मिल रही है कि कृशि विभाग द्वारा किसानो को दिए गए चना बीज मे 5 से 15 प्रतिशत अंकुरण ही आया है। कई बार कृशि विभाग बीज निगम को महीने भर से बोल चुका है लेकिन कृशि विभाग द्वारा किसानो की समस्या का समाधान नही किया जा रहा है। विभाग की लापरवाही से चना कृशको को करोड़ो रूपयो का नुकसान हो चुका है। क्षेत्र के ग्राम दुपचेरा, दर्रा सहित दर्जनभर ग्रामो के 100 से अधिक किसानो के चना बीज मे अंकुरण नही आने की शिकायत है।

किसानो ने बताया कि वे कई बार अधिकारियो को बोल चुके है लेकिन कोई ध्यान नही दे रहा है, सभापति तेजराम साहू ने कहा विभाग अविलंब मामले मे निराकरण करे। नही तो विभाग को जन आक्रोश का सामना करना पड़ेगा। तेजराम साहू ने कहा प्रशासन को कहने पर क्षेत्र के किसानो ने धान के बदले चना की फसल ली थी उसमे भी अंकुरण नही होने के कारण होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए विभाग द्वारा समय पर ध्यान नही दिया गया जिससे किसानो को करोड़ो रूपये का नुकसान हो गया है।

## खबर संक्षेप

### दो साल से जमीन का मुआवजा नहीं मिला



**जामगांव आर।** दुर्ग जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 के आने वाले बटरेल से धमना, नवागांव रोड का मुआवजा विगत दो वर्षों से नहीं मिल पा रहा है, परेशान किसान चक्कर लगा रहे है किसानों की परेशानी को भांपते हुए जिला पंचायत के सभापति कल्पना साहू के प्रतिनिधि अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा दक्षिण पाटन नारद साहू, मीडिया प्रभारी भाजयुमो दक्षिण पाटन अभिषेक सेन ने छत्तीसगढ़ सरकार के उपमुख्यमंत्री अरुण साव से भेंट कर ज्ञापन सौंपे और किसानों की आक्रोश से अवगत कराए।

### आरक्षक ने लगाई फांसी

**भिलाई।** साइटिका बीमारी से परेशान आरपीएफ की महिला आरक्षक रमा ध्रुव ने अपने किराए के मकान में फांसी लगातर आत्महत्या कर ली। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि मृतका दुर्ग आरपीएफ में पदस्थ है। वह साइटिका नामक बीमारी से जूझ रही थी। थाना प्रभारी केशव कोसले के मुताबिक मृतका मूलतः बिलासपुर जिले के पाली की रहने वाली है।

### विवाद के बाद दोस्त को मौत के घाट उतारा, आरोपी को आजीवन कारावास

**दुर्ग।** नशे की हालत में उपजे विवाद के बाद दोस्त पर टंगिया से वार कर मौत के घाट उतारने वाले आरोपी को न्यायालय ने आजीवन कारावस से दंडित किया। न्यायाधीश दीपक कुमार कोशले के न्यायालय से यह फैसला आया। कोर्ट ने 100 रुपए का अर्थदंड भी लगाया। राशि अदा नहीं करने पर आरोपी को 6 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। शासन की तरफ से मामले में पैरवी अतिरिक्त लोक अभियोजकक नंदिनी चंद्रवंशी ने की। प्रकरण के मुताबिक घटना 10 मई 2023 की सुबह करीब 8 बजे की बताई गई है। इससे पहले 9 मई की रात मृतक निखिल उर्फ गुल्लू बंजारे और आरोपी मुकेश पिता मेहतरू मिर्ची मुर्गा सब्जी बनाकर गांव के मंगल भवन में बैठकर नशा कर रहे थे। रात करीब 8 से 9 बजे के बीच दोनों में किसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। तभी मुकेश मिर्ची ने उसके पुत्र निखिल बंजारे का मोबाइल फोन जमीन पर पटक दिया। दोनों में विवाद बढ़ गया। इस बीच निखिल के पिता और प्रार्थी उत्तम बंजारे के समझाने पर दोनों अपने-अपने घर चले गए। निखिल घर में आकर सो गया। 10 मई की सुबह करीबन 7.30 बजे निखिल घर से घूमने के लिए मानसिंह सतनामी के किराना दुकान गली तरफ गया। मुकेश मिर्ची ने हाथ में टंगिया पकड़कर निखिल को मार रहा था। मुकेश मिर्ची पास में पड़े पत्थर से निखिल पर वार किया।

## आयोजन : अहिल्या बाई होलकर की 300 वी जयंती पर भाजपा जिला कार्यालय में कार्यशाला हुई

# लोक माता अहिल्या की गौरव गाथा जीवन को करती है आंदोलित : नाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

लोकमाता मालवा की महारानी अहिल्या बाई होलकर के 300 वी जयंती पर भाजपा जिला कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मुख्यरूप से कांकेर सांसद भोजराज नाग, मुख्यवक्ता धमतरी की पूर्व विधायक रंजना साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख विशेषरूप से उपस्थित थे।

- भारतीय वीरांगना के इतिहास को मिटाने की कोशिश निंदनीय

कार्यशाला मे सांसद भोजराज नाग ने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने लोकहित में अनेक मूलभूत सुविधा के कार्य किये उनके अदम्य साहस और वीरता की गाथा आज भी मालवा क्षेत्र में याद कर उनकी पूजा की जाती है, भारतीय संस्कृति को सहेजने वाली धर्मपरायण महिला अहिल्या बाई होलकर को मालवा सहित मध्यक्षेत्र में माता स्वरूप माना जाता है, उन्हें क्षेत्र में लोकमाता का दर्जा प्राप्त है तथा उनकी अनेक मंदिर बनवाये तथा उनकी मूर्ति स्थापित है जिसकी पूजा वहां की जनता करती है।

आयोजन कार्यशाला की मुख्यवक्ता रंजना साहू ने बताया कि भारत में कई वीरांगनाओं ने जन्म लिया परंतु भू पटल पर अमित छाप छोड़ने वाली अहिल्याबाई होल्कर एक महान मराठा शासिका थीं, जिन्होंने 1767 से 1795 तक मालवा क्षेत्र पर शासन किया वे एक कुशल शासक, कुशल प्रशासक और एक परोपकारी के रूप में जानी जाती हैं अहिल्याबाई का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के चौडी गांव में हुआ था, और उनका निधन 13 अगस्त 1795 को इंदौर में हुआ वे अपने शासनकाल में मालवा क्षेत्र में हजारों कुएं तालाब और बावड़ी बनवाये और जल संचय का कार्य किया, उन्होंने मुगलों के द्वारा तोड़े गए अनेक मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया और नए मंदिर भी बनवाये वहीं नारी शिक्षा और किसानों की आय बढ़ाने जैसे अनेक लोकहित के कार्य उन्होंने किये।



### किसान परिवार में हुआ जन्म

अहिल्याबाई का जन्म एक किसान परिवार में हुआ था. उनके पिता का नाम मनकोजी शिंदे था, जो अपने गांव के पाटिल थे, 12 वर्ष की उम्र में उनका विवाह मल्हार राव होलकर के पुत्र खंडेराव से हुआ पति की मृत्यु के बाद, अहिल्याबाई विधवा हो गईं और उन्होंने अपने राज्य की देखभाल करना शुरू किया जीवन में उन्होंने इतने संघर्ष किया उनके लिए कहा जा सकता है पुरुषार्थ केवल पुरुष ही नहीं करते नई भी पुरुषार्थ करने में किसी से काम नहीं उनकी न्याय प्रीयता इतनी थी कि आस पास के राजा भी उनसे सलाह लेने आते थे उन्होंने अपने पुरुषार्थ से अनेक राजाओं को पराजित किया पर दुर्भाग्य है कि ऐसी भारतीय वीरांगना को इतिहास से मिटाने का कुकृत्य कार्य यहां के इतिहासकारों ने किया है जो निंदनीय है नारी शक्ति का वास्तविक शुसाशन की पुरोधा रही जिनका पुरा जीवन समाजिक सुधार सुशासन की अवधारणा को धरातल पर साकार करने और संस्कृति पुनर्जागरण के लिए समर्पित रहा।

### लोक माता से मिली प्रेरणा

स्वागत उद्बोधन में भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने कहा 300 वर्ष बाद पुण्यश्लोक लोक माता अहिल्याबाई होल्कर के बारे में जानने का सौभाग्य मिल रहा है उनके जीवन की प्रेरणा जन–जन तक पहुंचे इस हेतु कार्यक्रम की रचना हुई है। कार्यक्रम का आभार व्यक्त करते हुए निवर्तमान जिला अध्यक्ष पवन साहु ने कहा कि आज जन हित मे जो योजनाएं चलाई जा रही है प्रकृति के संरक्षण में जो उपाय किए जा रहे हैं लोक हित में जो सुशासन किया जा सकता है वो सभी कार्य 300 वर्ष पूर्व लोकमाता अहिल्याबाई होलकर ने किया था इससे पता चलता है कि वे कितनी दुर्दशाएँ थी। कार्यशाला आयोजन में विशेषरूप से यशवंत जैन, पवन साहू, कृष्णकांत पवार, लेखराम साहू, यज्ञदत्त शर्मा, अभिषेक शुक्ला, राकेश छोटू यादव, देवेन्द्र जायसवाल, नरेश यदु, ठाकुर राम चंद्राकर, जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, उपाध्यक्ष तोमन साहू, पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, तोरण साहू, लाल देवेंद्र सिंह टेकाम, सरस्वती टेमरिया, सोनबरसा दीपा साहू, लक्ष्मी साहू, प्रभा नायक, मीना साहू, मोहंती चोरका, कुंती देवांगन, कांति सोनेश्वरी, नीतू सोनवानी, प्राची लालवानी, कमलेश सोनी, पुष्पेंद्र चंद्राकर, सहित मंडल अध्यक्ष महामंत्री, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी जनप्रतिनिधि एवं भाजपा के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कृषि भूमि की नीलामी की बात पर ग्राम दियाबाती समिति में विवाद और गहराया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम दियाबाती मे ग्राम विकास समिति का विवाद लगातार गहराता जा रहा है। मामूली चर्चा अब गाली गलौज एवं मारपीट तक पहुंच गया है, कई ग्रामीण एक साथ थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। मामला थाना तक पहुंचने के बाद मामले मे पड़ताल प्रारंभ कर दी गई है। ग्राम दियाबाती मे विवाद बीती होली के समय से प्रारंभ हुआ है। होली मे विवाद से बचने ग्रामीणो ने निर्णय लिया था कि होली के दौरान गाली गलौज करने एवं मारपीट करने वालो पर ग्रामीणो के निर्णय अनुसार कार्यवाही की जाएगा। तत्कालीन ग्राम समिति अध्यक्ष के लोगो पर ही होली के दौरान मारपीट करने व गाली गलौज का आरोप लगा। ग्रामीण निर्णय को नही मानने पर मामला थाना पहुंचा एवं मामले मे अपराध कायम हुआ।

- होली में गाली–गलौज का मामला अभी शांत नहीं हुआ है

इस घटना के बाद ग्राम समिति के कुछ सदस्यो ने त्यागपत्र दे दिया। इसके बाद ग्रामीणो ने नवीन ग्राम समिति का गठन कर लिया। नवीन समिति द्वारा पुरानी समिति से हिसाब मांगने व ग्राम समिति का रजिस्टर मांगा गया। आरोप है कि पुरानी समिति द्वारा नवीन समिति को हिसाब नही दिया एवं ग्राम समिति का रजिस्टर भी नही दिया।

रजिस्टर एवं हिसाब नही देने पर नवीन पदाधिकारी व ग्रामीणो ने थाना मे शिकायत दर्ज कराई। मामले मे अभी पुलिस जांच प्रारंभ भी नही हुआ था कि ग्राम मे नया विवाद प्रारंभ हो गया। ग्रामीणो ने ग्राम मे स्थित सरकारी स्कूल के लिए सुरक्षित भूमि मे कृशि कार्य के लिए नीलामी की जा रही थी। नीलामी के दौरान पुरानी समिति द्वारा व्यवधान करने का आरोप ग्रामीणो ने लगाया।

ग्रामीणो ने बताया कि पुरानी समिति के 5–7 लोग ही लगातार विवाद कर रहे है एवं अब ग्रामीणो को गाली गलौज के साथ धमकी देने भी लगे है। जिसके कारण ग्रामीणो ने सामुहिक रूप से थाना आकर मामले की शिकायत गुरूर थाना मे की है। इस दौरान ग्रामीण अध्यक्ष भीखम लाल साहू, उपाध्यक्ष लीलाधर साहू, ग्राम प्रमुख मनीराम साहू, कोशाध्यक्ष मनीश साहू सहित बड़ी संख्या मे ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# ग्रीष्मकाल में बच्चों के लिए संगीत का प्रशिक्षण जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ग्रीष्मकालीन अवकाश में समय का सदुपयोग करने के लिए सुश्री एनुका शार्वा के प्रयास से शास्त्रीय वादन की पहल की जिसमें बच्चे तबला,ढोलक, हारमोनियम, कांगो का वादन सीख सकेंगे और बच्चों में कला के प्रति जो रुझान होता है उसको प्रोत्साहन मिलेगा।प्रशिक्षक कामेश कुमार साहू जो कि खैरागढ़ विश्वविद्यालय में तबला वादन में प्रशिक्षित हैं और इनके साथ हारमोनियम में करण बच्चों को पारंगत कर रहे हैं। संगीत प्रशिक्षण की कक्षाएं 15 मई से प्रारंभ हुई है जो कि एक माह तक सुबह 8:00 बजे से भी 12:00 बजे तक स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर डौंडी लोहारा में संचालित किया जा रहा है। सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य डोमार सिंह साहू का कहना है, कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ कला,खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों में पारंगत होना आवश्यक है। अछोली तथा आसपास के बच्चे भी प्रशिक्षण लेने आ रहें हैं और जो भी बच्चे संगीत में रुचि रखते हैं शीघ्र ही अपना पंजीयन कराकर प्रशिक्षण ले सकते हैं।

# गुरूर ब्लाक के नौ ग्रामों में पहुंची गौ जन जागरण यात्रा, कंवर में हुई महाआरती





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

घरो से निकाली जा रही गौ वंशोको पुनः घरो मे रखने सड़को मे घूम रही गौ वंशो को सुरक्षित घरो मे स्थापित करने, कम हो रही गौ माता के वैभव को पुनः स्थापित करने, गौ आधारित खेती को प्रोत्साहिक करने के उद्देश्य से चलाई जा रही गौ ग्राम जन जागरण यात्र अपने पाचंवे दिवस मे विकास खण्ड के 9 ग्रामो मे पहुंची। रात्रि मे ग्राम कंवर मे भव्य महाआरती की गई।

- गौ आधारित खेती को प्रोत्साहिक करने के उद्देश्य से चलाई यात्रा

छ.ग राज्य गौ सेवा आयोग अध्यक्ष विशेश्व सिंह पटेल के मार्गदर्शन मे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा अनुरूप श्री कृष्ण गोपाल गौ शाला चुल्हापथरा द्वारा बीते 13 मई से गौ ग्राम जागरण यात्र निकाली जा रही है। यात्र बीते 5 दिनो मे विकासखण्ड के 43 ग्रामो मे पहुंच चुकी है। यात्र के दौरान गौ आधारित प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया जा रहा है। वही ग्राम मे सर्वाधिक गौवंशो पालन करने वाले एक कृशक को सम्मानित किया जा रहा है। यात्र के पांचवे दिवस गौ रथ ग्राम ठेकवाडीह, खर्रा, दर्रा, दियाबाती, नरबदा, सरबदा, खुंदनी, अकलवारा, परसुली, खोरदो एवं कंवर पहुंची। ग्राम कंवर मे संगोष्ठी के साथ महाआरती की गई। संगोष्ठी मे वयोवृद्ध कृशक गरीबदास साहू, जिला पंचायत सभापति तेजराम साहू, जनपद अध्यक्ष सुनीता साहू, जनपद सभापति संध्या साहू एवं ममता गौतम, संजय साहू, अजेन्द्र साहू, छगन साहू, भाजपा मण्डल अध्यक्ष मिर्रीटोला टुके"वर पाण्डेय मंचासीन थे। पूर्व जनपद अध्यक्ष एवं पूर्व भाजपा मण्डल अध्यक्ष वयोवृद्ध गरीबदास साहू ने अपने समय मे किए जा रहे गौ आधारित खेती के कई संस्करण सुनाते हुए बताया कि कैसे उन्होने गोबर गोमुत्र से अपनी फसल की रक्षा की जब अन्य कृशक कीड़ो से परेशान रहे। उन्होने बताया कि रासायनिक दवाई के बदले गोमुत्र निर्मित दवाई से फसल सुरक्षा की।



मुख्य वक्ता बड़े गुरूजी ने कहा बड़े बड़े यज्ञ हवन से जो पुण्य मिलता है वह मात्र गौ सेवा का प्राप्त किया जा सकता है। उन्होने कहा प्रकृति मे जितने जीव जंतु है उसमे एक मात्र गौ माता की है जिसका प्रत्येक गव्य मानव जीवन प्रकृति के लायक है।

जिला पंचायत सभापति तेजराम साहू ने कहा गौ आधारित खेती से जमीन पुष्ट व उपजाऊ होती है। गौ पालन आज की आवश्यकता हो गई है। विकासखण्ड मे लगातार घट रही गौ संख्या चिंता का विशय है। जनपद अध्यक्ष सुनीता संजय साहू ने कहा आज दुध दुही घी सभी को चाहिए लेकिन गौ सेवा कोई करना नही चाहता। उन्होने बताया मेरे घर मे 12 गौ वंश है मै प्रतिदिन गौ सेवा के उपरांत ही जनसेवा के लिए निकलती हूं। संगोष्ठी पश्चात गौ महाआरती की गई। जिसमे बड़ी संख्या मे ग्रामीणो के साथ कृशि सखी एवं पशु सखी भी सम्मिलित हुई। 19 मई को यात्र सुबह 9 बजे सांगली, 10 बजे पलारी, 3 बजे बोहारा, 4 बजे सनौद, 5 बजे डोटोपार, 6 बजे हसदा, 7 बजे अरकार मे महाआरती होगी।

## ग्राम के लोगों को 7 की जगह 14 किलो मीटर की दूरी तय करनी पड़ती

# तांदुला में पानी छोड़ने से नेवारी कला का रपटा बहा, आवामन में परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





जिले मे गर्मी के कारण पानी की समस्या को देखते हुए तांदुला नदी मे पानी छोड़ा गया था लेकिन वर्तमान मे जिले मे हो रही बारिश के बाद भी तांदुला नदी मे पानी का तेज बहाव जारी है जिसके कारण ग्राम नेवारीकला के अस्थायी रपटा बह गया है जिससे ग्राम नेवारीकला के ग्रामीणो को गर्मी मे भी बरसात का अहसास हो रहा है। वही नदी मे पानी आ जाने के बाद राहगिरो को नदी पार करने मे स्थानीय छोटे बच्चे मदद् करते नजर आ रहे हैं।

ग्राम नेवारीकला मे कई सालो से पुल निर्माण की मांग की जा रही है लेकिन शासन प्रशासन द्वारा इस ओर कोई ध्यान न देते हुए ग्राम नेवारीकला की मुख्य समस्या को दूर करने मे कोई ठोस कदम उठाते नजर नही आ रही है जिसके कारण तांदुला नदी मे पुल निर्माण हेतु बजट मे 3 साल पहले पैसे पास हो जाने के बाद भी जमीनी स्तर पर कोई निर्माण कार्य प्रारंभ नही हुआ है। जिससे आगामी बरसात के दिनो मे नेवारीकला के ग्रामीणो को दिक्कतो का सामना करना पड़ेगा। बता दे कि ग्राम नेवारीकला के नदी मे पानी आ जाने के बाद ग्राम के लोगो को 7 की जगह 14 किलो मीटर की दूरी तय करनी पड़ती है जिसको लेकर लगातार ग्रामीणो द्वारा शासन प्रशासन से लेकर जनप्रतिनिधियो को अवगत कराया गया लेकिन नतीजा अभी तक नदी मे पुल निर्माण प्रारंभ नही हुआ है।

ग्राम मे कुम्हार, सब्जी व्यापारी, दुग्ध व्यापारी, व्यावसायी, विद्यार्थी, रोजी मजदूरी से जूड़े लोग जिला मुख्यालय पर निर्भर है जो प्रतिदिन अपने माध्यमो से जिला मुख्यालय आना जाना करते है जिनकी समस्या गर्मी मे नदी मे पानी नही होने पर व अस्थ्यायी रपटा निर्माण होने पर थोड़ी कम रहती है लेकिन बरसात मे नदी मे पानी आ जाने पर ग्रामीणो की समस्या बढ़ जाती है।

वही नदी मे पुल निर्माण के बाद न सिर्फ नेवारीकला बल्कि आस पास के ग्रामो को उसका लाभ मिलेगा। वही जिला मुख्यालय से दुर्ग आने जाने वालो को भी इसकी सीधी सुविधा प्राप्त होगी।

वही ग्रामीणो ने कहा कि जल संरक्षण का संदेश देने वाला विभाग लगातार हो रही बारिश मे भी नदी मे पानी बहा रहा है। जिसके कारण हमे समस्याओ का सामना करना पड़ रहा है और हमे गर्मी मे भी बरसात का अहसास हो रहा है शासन प्रशासन से ग्रामीणो ने मांग की है कि ग्राम के तादुला नदी मे जल्द पुल निर्माण करवाया जाए जिससे उनकी सालो से चली आ रही दिक्कते दूर हो।

# आय से अधिक संपत्ति की होगी जांच, फिर से खुलेगी भ्रष्टाचार की फाइल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

अंजोरा स्थित दाउ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनू विवि के विवादित परिविक्षाधीन सहायक अभियंता उल्लास अरविंद देशमुख के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की जांच के निर्देश दिए जाने से हडकंप की स्थिति निर्मित हो गई है। यही नहीं इंजीनियर के पूर्व घोटाले की जांच के लिए भी राज्य शासन द्वारा जांच टीम गठित किए गए है। ऐसा माना जा रहा है कि, अब इस मामले में दोतरफा जांच के बाद बडी कार्यवाही हो सकती हैं।

संबंधित इंजीनियर की नियम विरूध्द भर्ती और उनके द्वारा किए गए पूर्व में गडबडी शिकायत की गई थी। जिस पर विवि के कुल सचिव ने जांच टीम गठित कर दी है। जांच टीम में अध्यक्ष डां एसपी इंगोले, प्राध्यापक अंजोरा, सदस्य डां एसएल अली प्राध्यापक व ममता अवस्थी, वित्त अधिकारी होगें।

इन्हें कुलसचिव द्वारा जांच के बाद रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए गए है। उल्लेखनीय हैं कि, पिछले आठ साल के कार्यकाल में सहायक अभियंता उल्लास अरविंद देशमुख पर कई आरोप लगे है। जिसमे वे दोषी भी पाए गए थे। वर्ष 2016 के विवि भवन निर्माण में 29 करोड के भारी गड़बड़ी किया। जिसकी बकायदा हाईपावर कमेटी द्वारा गठित कर जांच कराई गई, जिसमें अफसर सहित अन्य दोष सिध्द भी हो चुके है। निविदाओं को पंजीकृत पोस्ट व स्पीड पोस्ट के बजाय मैनुअली आमंत्रित कर उसे ड्रॉप बॉक्स में डलवा कर अपने चहेते ठेकेदारों को (व्यक्तिगत) निविदा बांटी गई थी। इस मामले की शिकायत के बाद विश्वविद्यालय ने डॉ एसपी तिवारी अधिष्ठाता की अध्यक्षता में हाई पावर जांच समिति गठित की गई। कमेटी ने जांच में उक्त सहायक अभियंता देशमुख सहित पूर्व कुलपति यूके मिश्र, तत्कालीन कार्यपालन अभियंता संतोष अग्रवाल, तत्कालीन प्रभारी कार्यपालन अभियंता पीसी शर्मा को भी दोषी सिद्ध किया था। इन सभी ने मिलकर टेंडर नियमों में कूटरचना की थी। जांच अधिकारी रिटायर्ड हो गए, लेकिन दोषी अधिकारी वही के वहीं जमे है।

### सरकार बदलते ही जांच के निर्देश, आय से अधिक संपत्ति का मामला

#### इस तरह के सामने आ चुके मामले

इंजीनियर के मामले में शिकायतकर्ता की गई थी। जिसमें टेंडर 2 से 3 प्रतिशत कम में अपने चहेते ठेकेदारों को सांठ-गांठ कर दिये गये। इस टेंडर से लगभग 18 प्रतिशत का शासन को नुकसान हुआ है। जो किं 5 करोड़ के लगभग है। शिकायतकर्ता के शिकायत और जांच के बीच अचानक निर्माण कार्य के मेजरमेंट बुक गायब हो गए। इसके लिए भी अलग से जांच कमेटी गठित की गई थी। विश्वविद्यालय द्वारा डॉ पीएल चौधरी की अध्यक्षता में 28 जून 2019 को करवाई गई, वही तकनीकि जांच में भी उक्त सहायक अभियंता दोषी सिद्ध हो चुके है।



#### तीन सदस्यीय टीम करेगी जांच

विवि में आय से अधिक संपत्ति मामले की शिकायत के बाद विवि ने टीम गठित कर दी है। जांच टीम इंजीनियर के पूर्व कार्यकाल में किए गए भ्रष्टाचार और आय से अधिक संपत्ति मामले की जांच करेगी। इसके पूर्व कुलसचिव आरके सोनवाने रहे है। सूत्रों की माने तो उनके संरक्षण में ही जांच सिध्द होने के बाद भी कार्यवाही नही हुई थी। लेकिन उनके यहां से तबादला होने के बाद जांच होने की उम्मीद हैं।

## खबर संक्षेप

### शिविर महज दिखावाबाजी: धीरज बाकलीवाल



**दुर्ग।** नगर निगम के पूर्व महापौर व शहर के लोकप्रिय कांग्रेस नेता श्री धीरज बाकलीवाल ने सुशासन तिहार और समाधान शिविर को महज दिखावा बताया है। उन्होंने कहा कि इन शिविरों में खाली पड़ी कुर्सियाँ इस बात का संकेत हैं कि जनता को ऐसे आयोजनों पर कोई विश्वास नहीं है। निगम महापौर और आयुक्त को शहर के वास्तविक विकास की दिशा में कार्य करना चाहिए। श्री बाकलीवाल ने आगे कहा कि सुशासन तिहार में जमा होने वाले अधिकांश आवेदन बुनियादी समस्याओं से जुड़े होते हैं। कोई बिजली की समस्या से परेशान है, तो कोई पानी तथा सड़क-नाली के निर्माण की मांग कर रहा है। वर्तमान में नगर निगम के पास स्ट्रीट लाइट तक उपलब्ध नहीं हैं। पेयजल संकट से राहत दिलाने के लिए बोरिंग की सामग्री की खरीदी तक नहीं की गई है। सड़क और नाली निर्माण के लिए शासन से राशि नहीं आ रही है।उन्होंने कहा कि निगम महापौर का महासफाई अभियान अब तोड़फोड़ अभियान बनकर रह गया है। सफाई का काम पूरी तरह ठप है, लेकिन बिना योजना की तोड़फोड़ बेरोकटोक जारी है, जिससे शहर की जनता बेहद परेशान है।

### मोबाइल और बैग छिनकर फरार होने वाला आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** राहगीरों से मोबाइल, बैग छिनकर फरार होने वाले युवक व तीन अपचारी बालकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 304(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि श्याम नगर केम्प-2 निवासी टेक प्रताप बंजारे ने जामुल पुलिस थाने में शिकायत किया था। 16 मई की रात बहन को लेकर शिवपुरी जामुल छोड़ने जा रहा था। इस दौरान एसीसी अंडर ब्रिज के आगे नहर रोड पर कुछ युवक खडे थे। युवकों ने धक्का देकर पीड़ित की बहन का बैग, मोबाईल झपट कर अपने साथ लेकर फरार हो गए। दूसरी वारदात उसी रात शिवपुरी जामुल निवासी गणेश राम निषाद के साथ हुआ था। पुलिस ने इसे गंभीरता से लेते हुए संदेहियों की तलाश में जुट गई। संदेही रूपेश भारती उर्फ तोता को पकड़ा गया। आरोपी से पूछताछ करने पर घटना को तीन अपचारी बालकों के साथ मिलकर घटना करना स्वीकार किया।

### मेयर ने कहा समस्याओं की गठरी न बांधे, तत्काल निराकरण करें

**दुर्ग।** महापौर अल्का बाघमार द्वारा लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चन्द्राकर के साथ अधिकारियों एवं ठेकेदारों की बैठक लेकर शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन एवं विकास कार्यों में प्रगति की समीक्षा की। महापौर श्रीमती बाघमार ने अधिकारियों वार्ड-वार कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए निर्माणाधीन कार्यों में तेजी लाकर समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी ठेकेदारों के भरोसे न रहकर स्वयं फील्ड का दौरा करें और कार्यों की प्रगति देखें। उन्होंने शासकीय काम-काज में आने वाली समस्याओं के त्वरित निराकरण पर जोर दिया। बैठक में कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम,वीपी मिश्रा, राजकुमार, संजय ठाकुर, भवन अधिकारी गिरीश दीवान, विनोद मांझी,अपर्णा मिश्रा, प्रेरणा दुबे, करण यादव सहित अधिकारी, निगम के समस्त ठेकेदार मौजूद रहें।

## आनावारी रिपोर्ट : 28 गांव में शत-प्रतिशत धान की पैदावारी, पिछले साल से बेहतर

# दो दर्जन गांव में छलका धान का कटोरा, जिले में 80 फीसदी उत्पादन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिले में वर्ष 2024-25 में धान का उत्पादन बेहतर होने का आंकडा सामने आया है। जारी किए गए आनावारी रिपोर्ट के अनुसार खरीफ में धान की अच्छी पैदावारी रही हैं। जिले के 28 ग्रामों में सौ प्रतिशत से अधिक आनावारी दर्ज की गई, वहीं 430 ग्रामों में से 328 में आनावारी 80 प्रतिशत से अधिक रही।

कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि, फसल कटाई प्रयोग के आधार पर आनावारी रिपोर्ट तैयार की गई हैं। जानकारी के अनुसार जिले में कुल 448 ग्राम है, इनमें से 18 ग्राम फसल विहीन है। जहां कृषि नहीं होती हैं, वहीं शेष 430 ग्रामों में धान की फसल ली गई थी। जहां रेण्डमली कृषि भूमि वाले खसरे से ग्रामवार फसल कटाई प्रयोग लिए गए। फसल कटाई प्रयोग के आधार पर इन ग्रामों की आनावारी रिपार्ट तैयार की गई हैं।

### बेहतर मौसम से उत्पादन पर रहा लाभकारी प्रभाव से किसानों में उत्साह



#### बीते वर्ष की तुलना में इस वर्ष जिले में हुई बेहतर उपज

आनावारी रिपोर्ट के अनुसार जिले में गत वर्ष के मुकाबले खरीफ 2024-25 में धान की फसल अच्छी रही हैं। गत वर्ष मात्र 15 ग्रामों में सौ प्रतिशत से अधिक आनावारी थी, जबकि इस बार 28 ग्रामों में शत प्रतिशत से अधिक आनावारी है। गत वर्ष ज्यादातर ग्रामो में 70 से 80 प्रतिशत आनावारी थी। इस बार ज्यादातर गांवों में 80 से 90 प्रतिशत तक आनावारी दर्ज की गई है।

#### जिले में 3 फीसदी की हुई वृद्धि

इस बार 63 प्रतिशत से कम आनावरी कहीं नहीं है। पिछली बार बहुत से ग्रामों में 60 प्रतिशत से भी कम आनावारी थी। मतलब इस बार धान के उत्पादन में अच्छी खासी पैदावारी दर्ज की गई हैं। खरीफ 2024-25 मे 23 ग्रामों में 90 से 100 प्रतिशत आनावारी रही, वहीं 277 ग्रामों 80 से 89 प्रतिशत आनवारी दर्ज की गई। इसी प्रकार 91 ग्रामों में 70 से 79 एवं 11 ग्रामों में 63 से 69 प्रतिशत आनवारी रही।

#### बघेरा गांव में 125 प्रतिशत आनावारी

शहरी बेल्ट की बात करे तो जिले में सबसे ज्यादा 125 प्रतिशत आनावारी ग्राम बघेरा में रही, वहीं सबसे कम जंजगिरी एवं अरमरीखुर्द में रही। इन दोनो ग्रामों 63-63 प्रतिशत आनावारी रही। ये है फसल विहीन ग्राम जहां कृषि नहीं होती फसल विहीन 28 ग्रामों में 11 बीएसपी अर्जित ग्राम है। इनमें दुर्ग तहसील के ग्राम खुर्सीपार, हिंगना, बोरया, सोढ़, नेवई, मरौदा, कोटरा भाठा, जोरातराई, नवागांव, बावली एवं भिलाई 3 तहसील के ग्राम पुरैना शामिल है। इसी प्रकार दुर्ग तहसील के 7 ग्राम ऐसे है, जो पूर्णतया शहरी ग्राम होने से कृषि नहीं होती। इनमें दुर्ग तहसील के ग्राम तितुरडीह, हथखोज, छावनी, आमदी, कोसा, रुआबांधा एवं सुपेला शामिल है।

# उरला में जनप्रतिनिधि और वार्डवासी भिड़े



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

शहर के उरला वार्ड में कचरा प्लांट हो लेकर शनिवार को भी गहमागमी की स्थिति निर्मित रही। शनिवार को निरिक्षण करने महापौर सहित एमआईसी सदस्य वार्ड पहुंचे थे।

■ सुबह वार्ड में बैठक के बाद निकाला गया रास्ता

जहां तनाव के बाद वार्डवासियों को यह समझाया गया कि, वार्ड से दूर सरकारी जमीन पर प्लांट लगाया जाएगा। जिसके बाद मामला शांत हुआ।

एक दिन पहले शुक्रवार को वार्डवासी कचरा फेंकने और प्लांट लगाने के विरोध में नगरनिगम पहुंच गए थे। यहां वार्डवासियों के प्रदर्शन के बाद महापौर अल्का बाघमार के साथ उनकी बैठक भी हुई थी। बैठक में तय किया गया है कि, मौके पर वार्डवासियों को प्लाट लगने वाले जमीन की जानकार दी जाएगी। जिसके तहत महापौर और सभापति श्याम शर्मा सहित एमआईसी मेंबर वार्ड पहुंचे थे। सुबह महापौर वार्डवासियों से बैठक कर रही थी।

जहां बीच-बीच में तनाव की स्थिति भी निर्मित हुई। एमआईसी सदस्यों के बात करने का रौब देखकर वार्डवासी में भी आक्रोश की स्थिति निर्मित गई थी। इस दौरान श्याम शर्मा, नरेन्द्र बंजारे, देवनारायण चंद्राकर सहित अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे थे।

#### जनप्रतिनिधियों से विवाद का वीडियो वायरल

उरला में महापौर अल्का बाघमार, सभापति श्याम शर्मा सहित अन्य एमआईसी सदस्यों के तनावपूर्ण बातचीत का वीडियों भी सोशल मिडियो में जमकर वाइरल हो रहा है। जिसमें सभापति बेहद आक्रमख रूप से वार्डवासियों से बात कर रहे थे। उरला वार्ड में शनिवार को हुई घटना दिनभर चर्चा का विषय बना रहा।

# गर्मी से राहत के लिए संस्था ने स्कूलों में बांटे पंखे




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

प्रदेश में मानवता को समर्पित जन समर्पण सेवा संस्था द्वारा आज 20 स्कूलों में बच्चों की सुविधा के लिए पंखों का वितरण किया गया। जन समर्पण सेवा संस्था जो कि विगत 8 वर्षों से पूरे जिले में मानव सेवा पशु-पक्षियों की सेवा कर रही है। संस्था के द्वारा विगत 8 वर्षों से बिना रुके प्रतिदिन शहर में लगभग दो सौ से अधिक जरूरतमंदों को प्रतिदिन निःशुल्क भोजन वितरण किया जा रहा है। वर्तमान में इस संस्था द्वारा इस भीषण गर्मी में पशु-पक्षियों के दाना पानी हेतु पूरे जिले में हजारों सीमेंट के कोटने मिटटी के सकोरे का वितरण किया गया था जो कि शहर का एक मिसाल सेवा कार्य रहा। जन समर्पण सेवा संस्था के सदस्यों के द्वारा वर्तमान में स्कूल बंद होने पर शहर के विभिन्न स्कूलों में जाकर वहां की जरूरत की सामग्री की जानकारी ली और सदस्यों ने देखा कि शहर की कुछ स्कूल है जहां बंच्चो की पढ़ाई के लिए सबसे अधिक जरूरी उनकी कक्षा में पंखा नही लगा है।

#### विधायक रहे मौजूद

कार्यक्रम में दुर्ग शहर के विधायक गजेंद्र यादव मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यक्रम में संस्था द्वारा विगत 8 वर्षो से की जा रही सेवा कार्य की प्रशंसा की और शिक्षकों को हर जरुरतमंद बच्चों की पढ़ाई में विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने संस्था के सभी सदस्यों को लगातार किये जा रहे सेवा कार्य की बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन संस्था के अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा ने किया।

# घर-घर जाकर परखा बच्चों का पोषण स्तर, बांटी गई सुपोषण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भीषण गर्मी के इस दौर में सामाजिक संगठन गोल्डन एम्पथी (जीई) फाउंडेशन और आँगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अपनी जिम्मेदारी और समर्पण का परिचय देते हुए घासीदास नगर क्षेत्र में गृह भेंट कार्यक्रम के अंतर्गत महत्वपूर्ण कार्य किया। इस कार्यक्रम के दौरान उन्होंने उन परिवारों के घरों का दौरा किया जिनके बच्चे कुपोषण की स्थिति में हैं। यहां हर घर में जाकर बच्चों का वजन मापा गया और पोषण स्तर की जाँच की गई।

इसके पश्चात पालकों को बच्चों के समुचित शारीरिक और मानसिक विकास के लिए पोषण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी और परामर्श प्रदान की गई। उन्हें बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए संतुलित आहार, नियमित टीकाकरण और स्वच्छता की जरूरत बताई गई। जीई फाउंडेशन के प्रदीप पिल्लई ने केवल परामर्श ही नहीं दिया, बल्कि उनके द्वारा कुपोषित बच्चों के लिए आवश्यक पोषक तत्वों की पूर्ति हेतु प्रोटीन पाउडर और सुपोषण किट भी



वितरित किया गया। इन किट्स में आवश्यक विटामिन्स, मिनरल्स, आयरन युक्त खाद्य सामग्री आदि शामिल थे, जो बच्चों के शारीरिक विकास को बेहतर बनाने में सहायक होंगे। इस पूरी प्रक्रिया में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने न केवल कड़ी मेहनत की, बल्कि समुदाय के प्रति अपनी संवेदनशीलता और सेवा भावना का भी परिचय दिया। उनका यह प्रयास बच्चों के पोषण स्तर में सुधार लाने और समुदाय में पोषण के प्रति जागरूकता फैलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आज के कार्यक्रम में जीई फाउंडेशन के प्रदीप पिल्लई और आँगनबाड़ी कार्यकर्ता जीतू मनहर, उमेश्वरी रात्रे, सहायिका मारुति गुप्ता और चंचल निषाद उपस्थित होकर लोगो को सुपोषण युक्त भोजन की जानकारी दी।

# राजपूत क्षत्रिय महासभा दुर्ग के नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जवाहर नगर दुर्ग में राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ के केंद्रीय पदाधिकारियों का सम्मान एवं दुर्ग उत्तर के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। आयोजन में समिति के पदाधिकारी और सदस्य काफी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत महासभा अध्यक्ष बजरंग बैस ने महाराणा प्रताप के तैल्य चित्र में माल्यार्पण कर की गई।

■ केंद्रीय पदाधिकारियों का सम्मान एवं दुर्ग उत्तर समिति का शपथ ग्रहण समारोह

महाराणा प्रताप अमर रहे, जय राजपूताना, जय महाराणा के नारों से सदन गुंजायमान रहा। दुर्ग उत्तर के अध्यक्ष ठाकुर हरनारायण सिंह सहित सभी निर्वाचित 17 पदाधिकारियों को सत्य, निष्ठा एवं संविधान की शपथ महासभा अध्यक्ष द्वारा दिलाई गई। महासभा के



केंद्रीय पदाधिकारी अध्यक्ष बजरंग सिंह बैस, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष पंकज भुवाल, कोषाध्यक्ष नीरज क्षत्रिय, सहसचिव सत्येन्द्र सिंह राजपूत, उपसचिव घनश्याम सिंह, संगठन सचिव, अजय सिंह, प्रचार सचिव जितेंद्र सिंह, महिला अध्यक्ष रश्मि सिंह, महिला सचिव मधुबाला सिंह, युवा अध्यक्ष अनुराग सिंह, युवा सचिव महेंद्र सिंह को शाल,श्रीफल से सम्मानित किया गया।

वही जिला कोषालय अधिकारी मुकुंद भारद्वाज, विधि प्रकोष्ठ के ललित सिंह, पूर्व अध्यक्ष कमलेश सिंह, पूर्व महिला सचिव मिनी ठाकुर को भी सम्मानित किया गया। महासभा अध्यक्ष बजरंग बैस ने उद्बोधन में समाज के विकास, केंद्रीय सभा के लिए भूमि क्रय, कैरियर गाइडेंस, परिचय सम्मेलन जैसे प्रथमिकता युक्त कार्य करने की बात कही।

दुर्ग उत्तर अध्यक्ष हरनारायण सिंह ने उपसमिति के सभी लोगो को संगठित कर पूरे पारदर्शिता से सभी को सम्मान देते हुए कार्य को इंगित किया। दुर्ग उत्तर से पदाधिकारी केंद्रीय सहसचिव सत्येन्द्र राजपूत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर, रश्मि सिंह महिला अध्यक्ष एवम नीरज सिंह कोषाध्यक्ष ने भी अपनी-अपनी प्राथमिकता को बताया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व सचिव माधो सिंह और आभार प्रदर्शन अर्जुन सिंह ने किया।

## हरिभूमि की खबर रंग लाई, नए विस में लगेगी अटलजी की मूर्ति

# आखिरकार मूर्तिकार नेलसन के प्रति सरकार ने दिखाई सदाशयता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

प्रसिद्ध मूर्तिकार जेएम नेलसन अपने कलात्मक कौशल से छत्तीसगढ़ की राजधानी में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृतियों को ताजा कर उनके ऐतिहासिक योगदान का संदेश देंगे। पद्मश्री से सम्मानित भिलाई के इस शिल्पकार द्वारा तैयार प्रदेश को छत्तीसगढ़ राज्य का उपहार देने वाले अटलजी की आदमकद मूर्ति नया रायपुर के विधानसभा भवन परिसर में स्थापित की जाएगी। राज्य शासन द्वारा मूर्ति निर्माण की मंजूरी मिलना पिछले कुछ समय से संकट से जूझ रहे श्री नेलसन की हौसलाआफजाई के साथ सरकार की समर्पित

■ शासन ने दिया 22 लाख की लागत से छग प्रदेश के सृजेता की प्रतिमा निर्माण का आर्डर



कलाकारों व कला के सम्मान का भी प्रतीक है।

उल्लेखनीय है कि हरिभूमि ने आधी सदी तक मूर्ति कला में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 70 वर्षीय शिल्पकार जेएम नेलसन के इलाज की दरकार और उनके पास मूर्ति निर्माण के आर्डर नहीं होने संबंधी खबर प्रकाशित कर सरकार के ध्यानाकर्षण में लाया था। राज्य शासन ने इस पर सदाशयता और उनके कलात्मक योगदान को देखते हुए उन्हें अटलजी की मूर्ति गढ़ने का बड़ा आर्डर दिया है। जारी टेंडर में श्री नेलसन को 22 लाख की लागत से 14 फीट की मूर्ति का निर्माण करने की स्वीकृति मिली है। उनके द्वारा तैयार स्व. वाजपेयी की आदमकद मूर्ति नया रायपुर के विधानसभा भवन परिसर में स्थापित की जाएगी। अटलजी की मूर्ति का अनावरण अजलजी उनकी जयंती पर 30 नवंबर को छग के विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व सीएम डां. रमन सिंह करेंगे। इस क्लासिक कृति में छग राज्य की सौगात देने वाले अटलजी के साथ अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी और अध्यात्म का संदेश देने वाले स्वामी विवेकानंद भी दिखाई देंगे। उन्होंने मूर्ति निर्माण की प्रक्रिया शुरु कर दी है। मूर्तिकार श्री नेलसन बताते हैं कि पूर्व प्रधानमंत्री अटलजी की मूर्ति निर्माण का अवसर देकर कला के सम्मान व मेरी मदद के लिए मैं सरकार और डां. सिंह के प्रति हार्दिक रुप से कृतज्ञ हूं। हर बार की तरह मेरा प्रयास होगा कि सरकार की अपेक्षा के अनुरुप महापुरुष की जीवंत कृति गढ़कर उनके संदेश को जन प्रतिनिधियों के साथ जन जन तक पहुंचाऊं।

#### आधी सदी तक कलात्मक योगदान

उल्लेखनीय है कि 4 दशक से अधिक समय से मूर्तिकला में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिल्पकार जेएम नेलसन छग सहित देश के विभिन्न स्थानों के लिए कई महापुरुषों, शहीदों, देवी, देवताओं और विभिन्न लोगों की सैकड़ों मूर्तियां गढ़ चुके हैं। इसके पूर्व 2002 में उनके द्वारा निर्मित महात्मा गांधी की मूर्ति अशोक चक्र की कृति पुराना विधानसभा भवन परिसर में स्थापित है,जिसका अनावरण तत्कालीन स्पीकर राजेंद्र शुक्ला ने किया था। उनकी स्वामी विवेकानंद की आकर्षक प्रतिमा बूढ़ा तालाब रायपुर व गौतम बुद्ध की मूर्ति डोंगरगढ़ और राज भोज की प्रतिमा बैहर में स्थापित है। उनके दीर्घ कलात्मक योगदान को देखते हुए 2007 में भारत सरकार ने उन्हें पद्मश्री सम्मान से सम्मानित किया है।

# गर्भवती महिलाओं को पोषक तत्व भेंट कर शिविर की हुई शुरुआत

**भिलाई।** नगर पालिका जामुल के वार्ड 13 एसीसी मंगल भवन में सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने गर्भवती महिलाओं को पोषक तत्व भेंट कर शिविर का शुभारंभ किया। नपा अध्यक्ष ठाकुर ने कहा कि आम जनता के समस्या का तुरंत निवारण हो सके एवं राज्य, केन्द्र सरकार के द्वारा संचालित जनहित योजना का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राहियों को मिल सके।

योजनाओं का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन हो इसीलिए हमारे सरकार द्वारा सुशासन तिहार का आयोजन किया है। समस्याओं का समाधान हो, आम जनता को अपने समस्या या मांग के लिए अनेक विभागों का चक्कर न लगाना पड़े। इसीलिए समाधान शिविर का प्रदेशव्यापी आयोजन किया गया है। शिविर हर नागरिक के लिए है इसका लाभ उठायें। वार्ड 08, 11, 12, 13, 14, 15 में कुल 110 आवेदन मांग और शिकायतें मिली है। स्वास्थ्य विभाग से 35 आवेदन, आयुष विभाग 50 आवेदन, आधार कार्ड अपडेशन के लिए 32 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसका तत्काल निराकरण किया गया।



## खबर संक्षेप

### सांसद पांडे का किया सम्मान

**छुरिया।** सेन समाज के प्रतिनिधिमंडल ने स्थानीय रेस्ट हाउस में सांसद संतोष पांडे से मुलाकात कर शाल श्रीफल से सम्मानित किया। उन्हे गत दिनों आयोजित सेन जयंती समारोह में शामिल होना था किन्तु कतिपय कारणों से उपस्थित नहीं हो पाए थे। प्रतिनिधि मंडल ने सामाजिक भवन निर्माण की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। इस दौरान जिला सर्वसेन समाज के महासचिव शेखर भारद्वाज, ब्लाक अध्यक्ष विजय भारद्वाज, जगदीश सेन, चुनुराम सेन, प्रताप सेन, जयकरण सेन, विजय सेन, शाहिद सहित अन्य उपस्थित थे।

### समर कैंप का आयोजन

**जेवरतला रोड।** विद्यार्थियों का कौशल निखारने के लिए लोक शिक्षण संचालनालय के आदेशानुसार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में समर कैंप का आयोजन किया गया है। व्याख्याता अजय पाठक ने गत दिनों विद्यार्थियों को स्पोकन इंग्लिश की आवश्यकता की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अंग्रेजी वैश्विक भाषा है तथा उच्च शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए इंग्लिश आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को इंग्लिश में बोलचाल करने के छोटे छोटे टिप्स दिए।

### पटेवा की ढ़ालेश्वरी सम्मानित

**पटेवा।** अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला साहू संघ राजनांदगांव ने गत दिनों प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस सम्मान समारोह में पटेवा की ढ़ालेश्वरी साहू पिता निरंजन साहू को कक्षा दसवीं में 85.50 शतिशत अंक अर्जित करने पर सम्मानित किया गया।

### राजेश्वर क्लास में प्रथम

**पटेवा।** प्राथमिक शाला दर्रा के छात्र राजेश्वर साहू आ तिलेश्वर साहू ने कक्षा पांचवीं की परीक्षा में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस सफलता का श्रेय उन्होंने अपने माता-पिता एवं शिक्षकों को दिया है।

### चैम्पियंस लीग का शुभारंभ

**पटेवा।** इरईकला में इरईकला चैम्पियन लीग सांसद ट्रॉफी का शुभारंभ 17 मई को हुआ। आगामी 25मई को इसका समापन होगा। चैम्पियन लीग में पहला इनाम एक लाख और दूसरा ईनाम 50 हजार है। क्षेत्र में आईपीएल के तर्ज पर पहली बार यह आयोजन हो रहा है। रात्रिकालीन इरईकला चैम्पियन लीग सांसद ट्रॉफी का शुभारंभ गत दिनों सरपंच ललित साहू ने किया। इस दौरान उपसरपंच श्यामलाल साहू, थानूराम साहू, लेखदास साहू, डोमारदास साहू, हिरदेराम छत्री, डाकेश्वर प्रसाद साहू, चेतन साहू, हेमंत साहू, बंशीलाल साहू, ओमप्रकाश साहू, चंपालाल साहू, चंद्रकांत साहू आदि मौजूद थे।

### बच्चों ने कल्पना को केनवास पर उकेरा

**डोंगरगांव।** नगर के चिल्ड्रन्स गार्डन प्ले स्कूल में आशा फ़ाउंडेशन द्वारा प्रत्येक रविवार को मस्ती की पाठशाला आयोजित की जा रही है। इस रविवार बच्चों को संस्कृति एवं कला से जोड़ते हुए चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। स्पर्धा में विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने भाग लेकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। बच्चों को प्रोत्साहन देते हुए संस्था प्रमुख अनिल रूपलानी ने सभी के प्रयास को सराहा। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तमन्ना साहू, तेजस कुंभकार, जानवी गुप्ता, दूसरे स्थान पर आध्या जैन, गार्गी यादव, नवयता कुंभकार, शशांक पांडे, समर गुप्ता, तीसरे स्थान पर अनंत एवं आदित्य गुप्ता रहे।

### कालेज और सड़क चौड़ीकरण की मांग

**छुरिया।** जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने गत दिनों मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से राजनांदगांव में मुलाकात कर गैंदाटोला में महाविद्यालय खोलने की मांग की।उन्होंने कुमरदा से कल्लुबंजारी, गैंदाटोला से छुरिया, बेलरगोंदी से जोशीलमती मार्ग सड़क चौड़ीकरण की मांग की है, ताकि क्षेत्र के रहवासियों और बच्चों को सुविधा मिल सके। उन्होंने बताया कि गैंदाटोला में महाविद्यालय खुलने से सैकड़ों गांवों के छात्र छात्राओं को लाभ मिलेगा।

## गौरव : देश की रक्षा सर्वोपरि, सेना ने दिया वीरता का परिचय

# सेना के पराक्रम ने देश का मान बढ़ाया, तिरंगा यात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना ने जिस शौर्य का परिचय देकर भारत का मान बढ़ाया उसके सम्मान मे ग्राम कंवर मे तिरंगा यात्र निकाली गई। यात्र मे तहसील के जनप्रतिनिधि व अधिकारियो के साथ ग्रामीण बड़ी संख्या मे सम्मिलित हुए।

तिरंगा यात्र मे जिला पंचायत सभापति तेजराम साहू, जनपद अध्यक्ष सुनीता संजय साहू, उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू, जनपद सभापति संध्या अजेन्द्र साहू, ममता गौतम, भाजपा मण्डल अध्यक्ष टुके"वर पाण्डेय, मेहत्तर नेताम, अशोक साहू, छगन साहू, संजय साहू, उपसरपंच कंवर आनंद पटेल, राघवेन्द्र सोनी, कुमार साहू, नंदकुमार साहू, बिसम्भर साहू, पूर्व सैनिक रघुनंदन साहू, रूपेन्द्र कुमार, चंपेश साहू, विजय पटेल, प्रेम आनंद, टिके"वरी साहू, सरोज डहरे, उशा पटेल के साथ जनपद पंचायत गुरूर व पंचायत कंवर के जनप्रतिनिधि के साथ सीईओ उमेश रात्रे व तहसीलदार हनुमंत "याम के साथ ग्रामीण महिला पुरूश सम्मिलित हुए। तिरंगा यात्र ग्राम के बाजार चौक से निकली एवं ग्राम की गलियो का भ्रमण करते हुए ग्राम पंचायत भवन के पास समाप्त हुई। यात्र के दौरान मार्ग मे ग्रामीण भी लगातार सम्मिलित हुए। इस दौरान सभी ने भारतीय सेना के वीर जवानो के सौर्य, साहस को नमन करते हुए भारतीय सेना के प्रति अपने समर्थन को व्यक्त किया।




### तिरंगा यात्रा निकालकर गलियों का भ्रमण किया

**गुरूर।** तिरंगा यात्र गुरुर नगर में निकाली गई। यात्र नगर पंचायत कार्यालय गुरुर से निकलकर नगर के विभिन्न गलियो से होकर गुजरी जहां लोग हाथो मे तिरंगा व भारत माता की जयकारे के साथ आगे बढ़ते दिखे। आपरेशन सिंदूर से भारतीय सेना ने अपनी अदम्य साहस का परिचय देते हुए पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ अपना शौर्य दिखाया है, इसलिए भारत माता और भारत माता के वीर जवानों के लिए हम भारतीय मिलकर उनका उत्साह वर्धन करे, उन्हें नमन करते हुए तिरंगा यात्र नगर मे निकाली गई।

जिसमें समस्य जनता जनार्दन, सरकारी कर्मचारी, रिटायर्ड अधिकारी–कर्मचारी, सेना के जवान–रिटायर्ड जवान, स्कूल के बच्चे एवं सभी अन्य राजनैतिक पाटएँ के सदस्य भी इस यात्र में उपस्थित थे। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष कौशल साहू, ईशा प्रकाश साहू, अध्यक्ष भाजपा मंडल गुरुर आनंद शर्मा, महामंत्री ताम्रध्वज यादव, महामंत्री लिकेश्वर साहू, अध्यक्ष नगर पंचायत गुरुर प्रदीप साहू, उपाध्यक्ष कुंती सिन्हा, जितेंद्र शर्मा, ललिता– पिमन साहू, सुभद्रा साहू, गिरधर ठाकुर, अनाराम यादव, बिंदा यादव, शोभित ओझा, चिंता साहू, ताम्रध्वज सिन्हा, राकेश दीवान, सीएमओ नगर पंचायत गुरुर एवं स्टाफ, एनएसीसी कैडेट, हरिओम श्याम, यादराम साहू, चंद्रप्रकाश गांधी, नारायण टेके, अनमोल बग्गा, आकाश साहू, घनश्याम सिन्हा, टक्कू लोहले, चोवेंद्र साहू, भागवत साहू, भीम साहू एवं अन्य गणमान्य नागरिक, सरकारी कर्मचारी, पुलिस प्रशासन, रिटायर्ड कर्मचारी उपस्थित थे।

### भोथली, मोहारा, जेवरतला और डांडेसरा में निकाली तिरंगा यात्रा

**गुरूर।** ऑपरेशन सिंदूर और भारतीय सेना के शौर्य के सम्मान में ग्राम भोथली, मोहारा, जेवरतला, मुड़पार, डांडेसरा में तिरंगा यात्र निकाला गया। भारत माता की जय के नारो से गांव गूंज उठा। गांव के चौक में तिरंगा फहराया गया। इसके बाद भारत माता की जय और वंदे मातरम कि नारो के साथ जनसभा हुई। सभापति जनपद पंचायत गुरुर डॉ हरिकृष्ण गंजीर ने सभी गांव में जाकर गली भ्रमण किया और सभा को संबोधित करते हुए कहा की सेना ने देश की रक्षा के लिए जो साहस दिखाया वह गर्व की बात है, ऑपरेशन सिंदूर ने देशवासियों का सिर ऊंचा किया है। इस अवसर पर भोथली सरपंच चुन्नी महेंद्र कुमार साहू, मोहारा सरपंच टेकेशवरी ठाकुर, जेवरतला सरपंच लिलेशवरी साहू सभी पंचायतों के उप सरपंच गण धनेश कुमार साहू, सेवक राम साहू, सेवाराम साहू एवं ग्राम पंचायत के समस्त पंचगण ग्राम के वरिष्ठ जन एवं बिहार समूह के सक्रिय सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इसी प्रकार जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 5 के सभी ग्राम पंचायत में जाकर डॉ हरिकृष्ण गंजीर तिरंगा यात्र में शामिल हुए और गांव के मुख्य मार्ग से होकर गुजरी युवाओं और बच्चों के हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारे लगाए ग्रामीणों ने सेना के पराकम की सराहना की तिरंगा यात्र के दौरान ढोल नागाडोकी धुन पर देशभक्ति गीत गूंजते रहे लोगों ने कहा की सेवा के बलिदान को कभी नहीं भूल सकते गांव की बुजुर्गों एवं महिलाओं की भी भागीदारी रही पूरा गांव देशभक्ति के रंग में तिरंगा नजर आया।



### बागतराई में तिरंगा यात्रा में सेना का किया यशगान




**गुरूर।** भारतीय सेना ने शौर्य का परिचय देकर भारत का मान बढ़ाया जिसके सम्मान मे ग्राम बागतराई मे तिरंगा यात्र निकाली गई। यात्र मे भारतीय जनता पार्टी के नेता व कार्यकर्ताओ के साथ जनप्रतिनिधि व ग्रामीण बड़ी संख्या मे सम्मिलित हुए।

### पंचायत भूलन डबरी में तिरंगा यात्रा निकाली



**गुरूर।** ग्राम पंचायत भूलन डबरी में तिरंगा यात्र निकाली गई। भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम के फलस्वरूप ही आज देश सुरक्षित है। भारत माता की जय, भारतीय सेना जिंदाबाद ऑपरेशन सिंदूर के साथ हैं राष्ट्र ,इस नारे के साथ आज भूलन डबरी में तिरंगा यात्र निकाली गई। जिसमें गांव के सरपंच, उपसरपच, पंच, ग्राम पटेल, सचिव, ऑपरेटर, कोटवार समस्त बिहान समिति के महिला समूह, ग्रामीण से देवव्रत यादव, रवि, मोहन साहू, दीपक सिन्हा के साथ साथ समस्त ग्राम वासी सम्मिलित हुए।

### ग्राम पंचायत कचांदुर में तिरंगा यात्रा निकाली




**गुण्डरदेही।** जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के पश्चात भारतीय सेना द्वारा किए गए साहसिक और निर्णायक कार्रवाई के प्रति सम्मान और समर्थन व्यक्त करते हुए शनिवार को ग्राम पंचायत कचांदुर मे तिंरगा यात्र पुरे गांव मे निकाली गई। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष युवराज मार्कंडेय, जनपद सदस्य हेम पुष्पा साहू, सरपंच दयंमनतीन मार्कंडेय, सचिव कुमलाल साहू सहित सैकड़ ग्रामीण शामिल हुए।

### ग्राम हल्दी में तिरंगा यात्रा निकाली गई




**बालोद/सिकोसा।** सिकोसा मंडल के अंतर्गत ग्राम हल्दी मे तिरंगा यात्र निकाली गई। जिसमे मंडल अध्यक्ष प्रकाश सिन्हा, पूर्व मंडल अध्यक्ष दुस्यंत सोनवानी, महामंत्री युगल ताम्रकार, आशीष साहू, जनपद सदस्य अश्वनी सिन्हा एवं मंडल के पदाधिकारी, पंचायत पदाधिकारी, ग्रामवासी उपस्थित थे।

## लोगों का मनमोह रहे कमल पुष्प...



**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम कुआंमालगी के तालाब में भीषण गर्मी के इस दौर में खिले कमल बरबस ही लोगों का न सिर्फ ध्यान खींच रहें बल्कि विशाल तालाब में फैली यह हरियाली और उस पर खिले सफेद कमल के सुंदर व मनमोहक फूल लोगों की आंखों को सुकून दे रहे हैं।

**उमस भरी गर्मी से लोग हलाकान, परेशानः कवर्धा।** बेमौसम बारिश के बाद भी लोगों को भीषण गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है। आलम ये है कि बेमौसम बारिश के बाद मौसम साफ होते ही सुबह से ही भगवान भास्कर अपने प्रचण्ड बेग के साथ उदय हो रहे हैं और पूरे दिन चटख धूप लोगों का दम निकाल रही है।

# वनांचल से लेकर कवर्धा तक में चल रहा धर्मांतरण का खेल

## कवर्धा के आदर्श नगर में धर्म विशेष की प्रार्थना सभा में भारी हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

लगातार की शिकवा शिकायतों के बाद भी धर्मांतरण के मुद्दे पर मूक दर्शक बने बैठे शासन-प्रशासन की ढुलमुल कार्यप्रणाली के चलते जिले के वनांचलों से लेकर जिला मुख्यालय कवर्धा तक खुलेआम धर्मांतरण का खेल चल रहा है। जिसे लेकर जिला मुख्यालय कवर्धा के आदर्श नगर में रविवार को भारी हंगामा, वाद विवाद तथा झूमा झटकी की स्थिति देखने को मिली। हालांकि घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभाल लिया और मामले में कुछ लोगों को हिरासत में लेकर अब पूछताछ व जांच की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को जिला मुख्यालय कवर्धा के आदर्श नगर में उस समय हंमागा खड़ा हो गया जब यहां के एक मकान में धर्म विशेष की प्रार्थना सभा का आयोजन किया जा रहा था। आरोप है कि ग्राम तारो में संचालित एक निजी स्कूल के संचालक और उसके परिजनो द्वारा आदर्श नगर कवर्धा के एक मकान में धर्म सभा के नाम पर बाहर से आए बैगा आदिवासियों का धर्मांतरण कराया जा रहा था। जिसकी भनक लगते ही बड़ी संख्या में विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल के कार्यकर्ता, पदाधिकारी तथा मोहल्लेवासी मौके पर पहुंच गए और दोनों पक्षों के बीच जमकर वाद विवाद तथा झूमा झटकी शुरू हो गई। बाद में घटना की जानकारी कवर्धा कोतवाली पुलिस को दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए सूचना पाकर बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंच गया और दोनो पक्षों को समझाईश दी गई। वहीं विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल तथा मोहल्लेवासियों की शिकायत पर पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया है और अब इनसे पूछताछ तथा मामले की जांच की जा रही है।



### हिन्दू संगठनों ने दर्ज कराई लिखित शिकायत

हिंदू संगठन के पदाधिकारियों ने निजी स्कूल के संचालक जॉन थॉमस के खिलाफ लिखित शिकायत की है कि कवर्धा के आदर्श नगर के एक मकान में जॉन थॉमस द्वारा आसपास के परेशान, बीमार, गरीब लोगों को इलाज या लालच देकर बुलाया जाता है और नगर के बीच आदर्श नगर स्थित मकान में झाड़-फूंक किया जाता है। झाड़-फूंक के दौरान तरह-तरह की डरावनी आवाज निकाली जाती है। आसपास रहने वाले लोग इससे डरे हुए हैं। बच्चे घर से निकलने से कतराते हैं। इतना ही नही धर्मसभा में आए लोगों को धर्म विशेष की पुस्तकों को बढ़ाया जाता है और धर्म विशेष की आराधना कराकर उनका गलत ढंग से धर्मांतरण कराया जाता है।

### जांच के आधार पर की जाएगी आगे की कार्यवाही

आदर्श नगर स्थित एक मकान में एक धर्म विशेष द्वारा धर्म सभा कराए जाने तथा लोगों का गलत तरीके से धर्मांतरण जाने की शिकायत मिली थी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और यहां शिकायत के आधार पर कार्यवाही करते हुए लोगों से पूछताछ तथा मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**पुष्पेंद्र बघेल, एएसपी कवर्धा**

# कांग्रेस नेता ने 10 साल तक पत्नी बनाकर रखा फोटो वायरल करने दी धमकी, गर्भपात कराया

## युवती का दैहिक शोषण, आरोपी की दूसरी युवती से सगाई के बाद खुला मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शादी का प्रलोभन देकर युवती से अनाचार करने वाले रेत कारोबारी और युवा कांग्रेस के पूर्व महासचिव आमिर सिद्धिकी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 376 (2), (ढ),313 के तहत जुर्म दर्ज किया गया है। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पद्मनाभपुर पुलिस ने बताया कि कॉन्ट्रैक्टर कॉलोनी सुपेला निवासी आमिर सिद्धीकी 35 वर्ष की युवती से मुलाकात अप्रैल 2015 को दुर्ग में हुई। एक दूसरे का मोबाइल नंबर आदान-प्रदान हुआ। युवती कॉलेज की पढ़ाई करती थी, तब मोबाइल पर



एक दूसरे से बातचीत किया करते थे। दोनों की दोस्ती प्यार में बदल गई। इस दौरान आमिर सिद्धीकी युवती को अपने दोस्त के घर दुर्ग लेकर गया, जहां जबरन उसके साथ अनाचार किया। युवती ने जब इसका विरोध किया तो उसे शादी का प्रलोभन देकर उसे शांत करा दिया। समय बीतने के बाद युवती ने आमिर को शादी के लिए दबाव बनाना शुरू किया। तब आरोपी ने युवती को धर्म बदलकर निकाह करने बोला। लेकिन युवती ने धर्म बदलने से इंकार कर दिया। इसी तरह दस साल गुजर गए, लेकिन दोनों के बीच रिलेशन लगातार चलता रहा। इस दौरान युवती वर्ष 2022 को गर्भवती हुई तो आरोपी ने दुर्ग के नर्सिंग होम ले जाकर गर्भपात भी करा दिया। युवती को आमिर ने धमकी दी कि उसकी फोटो को एडिट कर सोशल मीडिया में वायरल कर देगा। उसके बाद युवती के मोबाइल नंबर को आमिर ने ब्लॉक कर दिया।

### गायत्री मंदिर में रचाई शादी, नहीं बदला धर्म

आरोपी आमिर ने युवती के लगातार शादी का दबाव बनाने के कारण गायत्री मंदिर ले जाकर उसके साथ शादी की। युवती का भरोसा जितने के लिए आमिर मैरिज प्रमाण पत्र बनाकर उसे दिखा दिया। उसके बाद आमिर के परिजनों को शादी की जानकारी हुई तो इससे इंकार कर दिया। आमिर ने युवती को दूसरी जगह अलग मकान किराए पर लेकर दस साल तक रखा हुआ था। इस बीच आमिर के परिजनों ने उसकी सगाई अन्य युवती से कर दी। इसकी जानकारी जैसे ही पीड़िता को हुई घटना की शिकायत करने पुलिस थाने पहुंच गई।

# भाजपा मंडल सनौद की कार्यकारिणी घोषित








हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

भारतीय जनता पार्टी मण्डल सनौद ने अपने कार्यकारिणी की घोशणा की है जिसमे अध्यक्ष खेमलाल देवांगन लल्ला को बनाया गया हैं। वही 4 उपाध्यक्ष, 2 महामंत्री, कोशाध्यक्ष, 4 मंत्री व कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए है।

जिसमे उपाध्यक्ष भुवन लाल साहू, धिरपाल अठभैया, दुखिया बाई साहू, नीता साहू, महामंत्री ललित गजेन्द्र, ढंगु राम हिरवानी, कोशाध्यक्ष घनेन्द्र साहू, मंत्री




मनीश साहू, वासुदेव मारकण्डे, उर्वसी साहू, सत्यभामा साहू, कार्यकारिणी सदस्य अशोक साहू, वरूण देवांगन, शिवनारायण नेले, मनहरण ठाकुर, धनराज साहू, पुरूशोत्तम साहू, डॉ देवा साहू, केशव धनकर, बोधराय हिरवानी, शीतल साहू, रामगुलाल साहू, निर्मल बघेल, पुनमचंद साहू, सेवा राम तेजस्वी, भुपत राम साहू, रामकुमार शांडिल्य, भीशु राम साहू, कुमार साहू, प्रेमलाल साहू, जितेन्द्र साहड़ा, जसवंत साहू, भोला वैका, छन्नू राम साहू, धनंजय सिन्हा, अमृत साहू, सुरूज बाई साहू, तुलसी साहू, मोतीन सतनामी, मधु साहू, चन्द्रकला साहू, नम्रता साहू, हिना ठाकुर, गंगा बाई साहू, कुमारी साहू को बनाया गया हैं।

## खबर संक्षेप

### सीबीएसई 10वीं में हर्ष को मिले 95 प्रतिशत अंक

**डौंडीलोहारा।** खपराभाट निवासी हर्ष कश्यप ने भिलाई के कृष्णा



पब्लिक स्कूल से कक्षा 10वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 95% अंकों के साथ अपने स्कूल परिवार व अचंल को गौरवान्वित किया है। उसकी इस उपलब्धि पर पिता सोहन लाल कश्यप, माता पुष्पा कश्यप और परिवार के लोगों ने उसके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए हर्ष व्यक्त किया है ।

### पत्रकार कल्याण महासंघ ने स्थापना दिवस मनाया

**बालोद।** पत्रकार कल्याण महासंघ छत्तीसगढ़ का तृतीय स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह 19 मई रायपुर आयोजित किया गया है। कार्यक्रम महासंघ प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिनेश नामदेव ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि पुरन्दर मिश्रा विधायक रायपुर उत्तर थे। अध्यक्षता सेवकदास दीवान, प्रदेश अध्यक्ष पत्रकार कल्याण महासंघ छत्तीसगढ़ ने की। विशिष्ट अतिथि - डॉ. संपत अग्रवाल विधायक बसना मीनल छगन चौबे महापौर नगर निगम रायपुर थे। समारोह के पुरन्दर मिश्रा विधायक रायपुर उत्तर, अध्यक्षता सेवकदास दीवान, प्रदेश अध्यक्ष पत्रकार कल्याण महासंघ छत्तीसगढ़, विशिष्ट अतिथि - डॉ. संपत अग्रवाल विधायक बसना मीनल छगन चौबे महापौर नगर निगम रायपुर अमरजीत छाबड़ा अध्यक्ष अल्पसंख्यक आयोग छ.ग. शासन महेन्द्र जायसवाल जी समाजसेवी रायपुर डॉ. चितरंजन कर साहित्यकार, डॉ. देवधर महंत कवि, साहित्यकार एवं आयोजक मंडल पत्रकार कल्याण महासंघ छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों को संभाग स्तर पर कार्य सौंपते हुए भव्य तैयारियों के संबंध में दिनेश नामदेव ने जानकारी दी।

### चौहान टाउन में नगर निगम ने की वादाखिलाफी

**भिलाई।** चौहान टाउन के निवासियों ने नगर निगम से जल कनेक्शन के लिए 6,24000 की राशि सोसायटी निगम में जमा कराकर इस अतिरिक्त पाइपलाइन बिछाने में लगभग 6 लाख का खर्च स्वयं कालोनीवासियों ने किया बावजूद इसके आज तक स्थायी जल आपूर्ति की कोई व्यवस्था नहीं हो सकी है। जोन 1 के अधिकारी अजय सिंह, पुरान सिन्हा और महापौर नीरज पाल ने टाउन का दौरा किया था। उन्होंने मौके पर आकर सभी समस्याओं का जायजा लिया और तत्काल सामाधान के लिए आश्वासन दिया।

### अवैध कब्जाधारियों पर की कार्रवाई

**कुम्हारी।** नगरपालिका क्षेत्रान्तर्गत वार्ड क्र 13 एवं 16 परसदा में शासकीय भूमि में अवैध कब्जा हटाने के लिए गुरुवार को नगर पालिका परिषद कुम्हारी पूर्व में परस राम साहू पिता खाता राम एवं हृदय राम साहू पिता राम गुलाल को नोटिस तामिल किया गया था, जिसमें कब्जाधारियों द्वारा किसी भी प्रकार का संतोषजन स्पष्टीकरण जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया, जिसके तहत मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चन्द्राकर के निर्देशानुसार नगर पालिका के राजस्व शाखा की संयुक्त टीम एवं पटवारी के द्वारा अवैध कब्जा बाउण्ड्रीवाल हटाने की कार्यवाही की गई ।

**उपेक्षा**

**सुशासन तिहार में भी जामगांव आर को नहीं मिला लाभ**

# जिले के समीपस्थ पचासों गांव 75 साल बाद स्वास्थ्य सेवा जीरो, मात्र उप डाकघर के लिए तरस रहे हैं लोग









हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

छत्तीसगढ़ प्रदेश दुर्ग जिला मुख्यालय से मात्र 35 किलोमीटर दूर 50 ग्रामों के 85000 आम जनता का जीवंत केंद्र स्थल जामगांव आर का स्वतंत्रता के 75 साल बाद भी मूलभूत विकास की स्वास्थ सेवा जीरो अबूझमाड़ जैसी हालत बनी हुई है।

छत्तीसगढ़ सरकार की सुशासन विकास किरणे जामगांव आर क्यों नहीं पहुंच पा रही है। ऐसे में कैसे मनाए जामगांव आर सुशासन त्यौहार स्वयं शासन को संज्ञान लेना चाहिए। और बदनामी के लग रहे धब्बे को साफ करना चाहिए। लगता है आवेदनों के लिए अच्छी खासी रद्दी की टोकरी का प्रबंध शासन के पास होगी तभी तो आज तक मांग बेअसर है। राष्ट्रपति की मुहर लगने के 9 साल बाद भी जामगांव आर को ब्लॉक की घोषणा नहीं करने, स्वतंत्रता के 75 साल बाद भी जामगांव आर में शासकीय स्वास्थ केंद्र प्रारंभ नहीं करने एवं अंग्रेज के समय से सायकल माध्यम से डाक सेवा जारी रखकर अभी तक जामगांव आर में उपड़ाकघर नहीं खोलने का भद्दा मजाक आम जनता के साथ जारी है।

विदित हो कि जामगांव आर में उपतहसील है शासकीय कालेज है थाना है प्राइवेट और शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल है दो बैंक है जहां लगभग 50 ग्रामों के ग्रामीणों का जीवंत संपर्क आना जाना बना हुआ है लेकिन 50 बिस्तर हॉस्पिटल की दरकार वाले जामगांव आर में स्वास्थ सेवा एकदम जीरो है। खरोच आ जाने पर टिंचर जैसी छोटी सी चीज के लिए भी शासकीय सुविधा उपलब्ध नहीं है। जो घोर आश्चर्य जनक है।जामगांव आर जैसे महत्वपूर्ण सेंटर में कदम रखते ही शासकीय हॉस्पिटल नहीं होने की जानकारी मिलने पर कद्दावर नेता भी आश्चर्य व्यक्त करते है लेकिन कद्दावर नेताओ को कार्यवाही के लिए क्यों सांप सूंघ जाता है यह आमजनता के लिए घोर आश्चर्य है। इससे भी अजूबा और आश्चर्य तो यह है कि 25 साल तक यहां का विधायकी करते हुए मुख्यमंत्री भी बन गए लेकिन कौन सा राजनीति चश्मे से जामगांव आर को देखते रहे की आमजनता की इस दर्द भरी शासकीय हॉस्पिटल दासता में मुहर नहीं लगा सके।

### जामगांव आर में टिंचर लगाने लायक शासकीय स्वस्थ केंद्र नहीं

जामगांव आर में उपतहसील, शासकीय स्कूल कालेज थाना तो है लेकिन शासकीय चिकित्सालय का नही होना आम जनता के लिए दर्द भरी दास्तां है अनेकों बार बीमार ग्रामीण उपचार त्वरित नहीं मिलने से शहर की ओर जाते समय रास्ते में दम तोड़ देते है।यह दर्दनाक स्थिति नेताओ के लिए आत्म अवलोकन का विषय है। 50 ग्रामों से जीवंत संपर्क रखने वाले 100 वर्षो से सेवा रत व्यापारिक केंद्र और शैक्षणिक केंद्र जहा 1000 से अधिक विधार्थियो का सीधा रोज का संबंध बना हुआ है। ना जाने नेताओ में कब संवेदना जागेगी और कब खुलेगी जामगाव आर में शासकीय चिकित्सालय।विडंबना है छोटे छोटे अंदर के गावो में स्वास्थ केंद्र है जामगांव आर में तो यह भी नसीब नहीं है। छत्तीसगढ़ में डबल इंजन विष्णुदेव साय सरकार का कार्यकाल डेढ़ वर्ष होने जा रही है सरकार इन दिनों सुशासन त्यौहार मना रही है सरकार ही बताए दर्द में कराहते हुए जामगांव आर आखिर कैसे मनाए सुशासन त्यौहार।

### जामगांव आर को ब्लाक दर्जा नहीं मिलने से मचा हुआ है हड़कंप

विदित हो कि 2013 में जामगाव आर को ब्लाक बनाने की प्रक्रिया प्रारंभ हुई उस समय वर्तमान सांसद विजय बघेल डॉ रमनसिंह प्रदेश भाजपा सरकार में छेत्र के विधायक संसदीय सचिव थे। इनके सहमति व सहयोग से सारी प्रक्रियाएं पूर्णता हासिल किया और सितंबर 2016 में राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने की खबर सामने आ गई। प्रक्रियाएं आगे बढ़ती कितु 2018 में भाजपा प्रदेश सत्ता से बाहर हो गई।लेकिन सौभाग्य वश पुनः छत्तीसगढ़ में सत्तासीन हो गई और डॉ रमनसिंह अब विधानसभा जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण पद पर आसीन है।जामगांव आर विकासखंड दर्जा देने की मांग लेकर ग्रामीणों का एक प्रतिनिधि मंडल समाजसेवी चतुर सिंह साहू के नेतृत्व में 25 जनवरी 2019 को सी एम भूपेश बघेल से प्रत्यक्ष भेंटकर आवेदन देकर फरियाद किए थे। आश्वासन तो मिला लेकिन जामगांव आर को ब्लॉक का दर्जा देने में नाकाम रहे भूपेश बघेल। उल्लेखनीय है कि जामगांव आर में भवन आदि की माकूल व्यवस्था उपलब्ध है सरकार चाहे तो कम खर्च में भी विकासखंड प्रारंभ कर परेशान आम जनता के दर्द का निवारण कर सकती है।

### अंग्रेज जमाने की डाक सेवा को अपडेटेड कर जामगांव आर में उप डाकघर की मांग

अंग्रेज जमाने से सायकल पर सवार होकर डाक थैला उपडाकघर गुंडरदेही पहुचाने की सिस्टम स्वतंत्रता के 75 साल बाद आज भी बरकरार है। जबकि संचार और सड़क व्यवस्था में क्रांतिकारी परिवर्तन सबके सामने है डाक विभाग के अधिकारी जामगांव आर आते है उन्हें विभाग की यह घोर अव्यवस्था क्यो नही दिखती आमजनता हैरान है ।शाखा डाकघर वाले आसपास के 13 ग्रामपंचायतो एवं सजग लोगो ने जामगांव आर में उपडाकघर खोलने की मांग करते हुए जामगांव आर के तात्कालिक सरपंच राजकुमार ठाकुर पँचद्रव्य तीरथ चन्द्राकर, डी डी मानिकपुरी, प्रवर अधीक्षक हरिश कुमार महावत से भेंटकर आवेदन सौपे।

विदित हो कि शाखा डाकघर से गुण्डरदेही उपडाकघर की दूरी 13 से 30 किलोमीटर है जबकि जामगांव आर में उपडाकघर खुलजाने से सभी 13 शाखा डाकघर की दूरी 0 से मात्र 11 किलोमीटर हो जाएगी और आमजनता को डाक सेवा से लिए भटकने के बजाय वरदानित सुविधा जामगांव आर में मिलने लगेगी। साथ ही डाक विभाग के राजस्व में बेहिसाब इजाफा होगी। प्रतिलिपि पोस्ट मास्टर जनरल छतीसगढ़ रायपुर एवं मुख्यप्रबन्धक डाक विभाग भारत सरकार नई दिल्ली को रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित की गई है। बताया कि सम्पूर्ण जानकारी के साथ सिविक सेंटर डाक विभाग मुख्यालय जाकर13 ग्रामपंचायतो एवम प्रबुद्ध वर्गों का सँयुक्त हस्ताक्षर युक्त आवेदन सौपा गया है।

### उपडाकघर नहीं खोलान अन्याय है

जामगांव आर करेला रानीतराई निपानी सुरपा बेल्हारी, बटरेल, धमना, भाठागांव आर, रनचिराई, पौहा, गाडाडीह, मर्रा के तात्कालिक सरपंचों ने समवेत स्वर में प्रवर अधिक्षक को बताए थे कि जामगांव आर में उपडाकघर अविलम्ब प्रारम्भ किया जाना आमजनता एवं डाक विभाग के हित मे वरदान साबित होगा। साथ ही शाखा डाक घरों को लंबी दूरी तय करने से निजात मिलेगी कर्मचारियों को भी राहत मिलेगी। डाक विभाग जनहितकारी सोच भी जनता के बीच सामने आएगा। इन सरपंचों ने अवगत कराया था कि जामगांव आर का जीवंत सम्पर्क 40 ग्रामो से है चारों ओर चमचमाती सड़के है इस लिहाज से जामगांव आर में अभी उपडाकघर प्रारंभ नही होना आमजनता के साथ अन्याय है।अन्य प्राथमिक सुविधाओ की तरह शीघ्र ही क्रांतिकारी परिवर्तन कर डाक विभाग की प्रत्येक सुविधाओं से आमजनता को लाभांवित करे।

### परीक्षण पश्चात प्रक्रिया अनुरूप कार्यवाही की जावेगी

वर्षो पूर्व प्रवर अधीक्षक हरिशकुमार महावत ने बताया कि जामगांव आर में उपडाकघर खोलने आवेदन प्राप्त हुआ है परीक्षण कराने के बाद प्रक्रिया अनुरूप कार्यवाही की जाएगी। लेकिन वर्षो बाद भी यह महत्वपूर्ण विषय विभाग की निक्रियता का शिकार बना हुआ है।

## अंचल के जनप्रतिनिधियों ने की भार उपेक्षा



### जामगांव आर में शासकीय कालेज भाजपा की सार्थक पहल

सांसद विजय बघेल ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने आशीर्वाद देकर पाटन और प्रदेश में भाजपा को सेवा का अवसर दिए थे। तब सार्थक पहल करते हुए जामगांव आर को सुसज्जित शासकीय कालेज उपलब्ध कराने का सेवा अवसर मुझे सौभाग्य वश मिला था। जिसका लाभ वरदान के रूप में जग जाहिर है और एरिया का शैक्षणिक स्तर स्नातक स्नातकोत्तर होने लगा हैं, दो घरों को सुसज्जित करने वाली बेटियां आज एरिया में कालेज का भरपूर लाभ उठा रही है सार्थक पहल के लिए सार्थक नेता को चुनना चाहिए। सांसद विजय बघेल ने कहा कि जिस क्षेत्र का विधायक मुख्यमंत्री के पद पर आसीन रहा हो वहा की जनता सार्थक पहल के अभाव में दर दर भटके ,ठगा सा महसूस करे विडंबना हैं। विचारणीय है भूपेश कांग्रेस सरकार के पांच साल में जामगांव आर को ऐसा क्या मिला जिसे इतिहास के पन्नो में दर्ज किया जा सके। भाजपा जामगांव आर को शासकीय कालेज देकर इतिहास बनाया हैं और पांच साल में कांग्रेस की बद्तर हालत भी देख कर जनता ने कांग्रेस को सबक सिखाया है जामगांव आर की सभी मांगे मूल भूत आधारित है छत्तीसगढ़ को हमने बनाया हम ही संवारेंगे के तर्ज पर हमारी प्रदेश शासन को संज्ञान में लेकर कार्य पूर्ण करना जनहित में श्रेयस्कर होगा।

### विभागीय निष्क्रियता से 70 साल बाद भी सायकिल पर सवार डाक थैला

बटरेल पूर्व सरपंच अभयराम ठाकुर रानीतराई पूर्व सरपंच निर्मल जैन ने कहा कि जामगांव आर से हर आधे घण्टे में जिला मुख्यालय दुर्ग के लिए बस सेवा 1 घण्टे में दुर्ग पहुचने वाली डाक थैला का सफर होता है 1दिन विभागीय निक्रियता के कारण स्वतंत्रता के 70 साल बाद भी सायकल पर डाक थैला सवार है। जामगांव आर के आस पास 10 शाखा डाकघर है जो आज भी डाक थैला सायकल पर सवार होकर गुण्डरदेही उपडाकघर पहुचाने विवश है। शाखा डाकघर निपानी रानीतराई की दूरी गुण्डरदेही से 30 किलोमीटर है जबकि जामगांव आर महज 11 किलोमीटर में स्थित है। शेष शाखा डाक घर रनचिराई, भाठागांव, बटरेल, धमना, सुरपा, करेला, बेल्हारी, पौहा, गाड़ाडीह, मर्रा, का जीवंत सम्पर्क है जो मात्र 3 से 11 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। जामगांव आर में अभी तक उपडाकघर विभाग द्वारा प्रारंभ नही किया जाना विभाग के फील्ड अफसरों की निक्रियता लापरवाही को जग जाहिर कर रही है। विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की निक्रियता के चलते आमजनता में अच्छी खासी नाराजगी है। पौहा गाडाडीह मर्रा शाखा डाकघर अंडा उपडाकघर की लंबी दूरी तय करती है जामगांव आर उप डाकघर इन शाखा डाकघरों के लिए अत्यंत नजदीक हो जाएगी जिससे डाक विभाग की सेवा त्वरित मिलेने लगेगी।

### अपना और आमजनता का फायदा नहीं देख पा रही डाक विभाग

जामगांव आर सरपंच राजकुमार ठाकुर ने बताया कि जामगांव आर में शासकीय कालेज उपतहसील दो हायर सेकेन्डरीस्कूल दो बैंक पुलिस आरक्षी केंद्र सहित अन्य संस्थाओं की सेवा के साथ साथ 100 वर्ष पुराना व्यापारिक केन्द्र की सेवा उपलब्ध है। किंतु पर्याप्त डाक सेवा नही मिल पाती वांछित डाक सेवा के लिए 36 किलोमीटर दुर्ग 19 किलोमीटर पाटन गुंडरदेही का मोहताज होना पड़ता है। डाक विभाग जनता का फायदा और अपना फायदा दोनों नही दे पाई पुराने ढर्रे पर चली जा रही है।



### ग्राम पंचायत हथौद में तिरंगा यात्रा निकाली

**बालोद/डौंडीलोहारा।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सेना के सम्मान में समीपस्थ ग्राम पंचायत हथौद में सरपंच पुष्पलता बघेल के मार्गदर्शन में तिरंगा यात्र निकाली गई। देश भक्ति गीत की धुन पर बड़े उत्साह के साथ निकाली गई, तिरंगा यात्र में ग्राम के सभी माताएँ बहने,गणमान्य नागरिक बच्चे शामिल हुए।

# सेना के शौर्य पर तिरंगा यात्रा निकाली, देश भक्ति का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौडीलोहारा

हमारे देश के वीर सैनिकों के द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से आतंकवादियों एवं देश के दुश्मनों को मुँहतोड़ जवाब देने तथा हमारे वीर सैनिकों के अदम्य वीरता एवं साहस के सम्मान में पूरे देश की भाँति नगर में भी भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

डौडीलोहारा के विभिन्न स्थानों में आयोजित भव्य तिरंगा यात्रा देशभक्तिपूर्ण वातावरण से सराबोर रहा। तिरंगा यात्रा में वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, भूतपूर्व सैनिक, समाज के गणमान्य एवं प्रबुद्धजन, पत्रकार, समाजसेवियों, महिलाओं, युवाओं सहित समाज के सभी वर्ग के लोगों ने कार्यक्रम में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करते हुए राष्ट्र के प्रति अपनत्व एवं प्रेम को प्रदर्शित किया। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारी- कर्मचारियों तथा समाज के सभी वर्गों के लोगों ने हाथ में तिरंगा लेकर तथा भारत माता की जय की गगन स्पर्शी नारे लगाते हुए नगर का भ्रमण किया गया। इस अवसर पर आम नागरिकों के द्वारा विभिन्न स्थानों में तिरंगा यात्रा में शामिल लोगों के ऊपर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। नगर पंचायत डौण्डीलोहारा में आयोजित तिरंगा यात्रा के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम, मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा, पूर्व पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य देवेंद्र जायसवाल, होरी लाल रावटे, महामंत्री दुष्यंत गिरी गोस्वामी, सोमेन्द्र देशमुख, मंत्री धर्मेंद्र निषाद, पलाश गुप्ता, जनपद उपाध्यक्ष जयलाल मालेकर, धीरेंद्र टॉक, मोहन निषाद, धीरज जैन, हरीश कटझरे, जीवराखन, राकेश सांखला, ममता यादव, सूर्य कला, सुभद्रा ताडेकर, ममता शर्मा, रेवती कोलियारे, शोभा राजपूत, बीर सिंग, राजेन्द्र निषाद, जुगरु राम बघेल, अशोक उईके ,गायत्री देवांगन, सूरजभान साहू, हेम लाल देशलहरा, डोमेन्द ज्ञानू राजपूत, मनोज भंडारी, उत्तम मालेकर, रेमन अटल, गेंदमल भंसाली, यतेन्द देवांगन, सुरेश केसरवानी, धनेश्वरी अटल, थानेश्वर यादव, आरती संचेती, दर्शन संचेती, मनीष राजपूत, हिरेन्द गायकवाड़ ,अभय साहू, प्रणव साहू, प्रकाश जैन, विरेन्द्र अजनबी, तुकाराम साहू ,अनिल पटेल, निखिल शर्मा, हरीश बर्मन, प्रेमनाथ पटेल, संदीप भंसाली, पावन देवांगन, शैलेश ओटवानी, जय प्रकाश सिन्हा, प्यारे लाल निषाद, अनुराग जायसवाल, चैतन्य ठाकुर, भानु देवदास, दिलीप सिन्हा, देव देवांगन, मनी राम बघेल ,नमो लोढा, अर्जुन कोसमा, लोकेश दुबे, दिलीप बाफना, भगवानी निषाद, कुबेर सोनी, बलदाऊ, हिम्मत देशमुख, शाशिसोनी, दुलार सिंह व जनप्रतिनिधियों के अलावा एसडीएम शिवनाथ बघेल, तहसीलदार सिंह हिंसा राम नायक सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में आम नागरिकगण उपस्थित थे।




### पानाबरस व आमाटोला में समाधान शिविर आज

**मोहला।** सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत 19 मई को जनपद पंचायत मानपुर के ग्राम पंचायत पानाबरस और जनपद पंचायत अंबागढ़ चौकी के ग्राम पंचायत आमाटोला में समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में विभिन्न योजनाओं से अनेक हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। शिविर के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे। शिविर में शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने ग्रामीणजनों को शिविर में उपस्थित होने अपील की है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, एग्जिमा, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# सशिमं के समर क्लास में नृत्य और संगीत का प्रशिक्षण जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

सरस्वती शिशु मंदिर पुरुर के प्राचार्य वेदप्रकाश कटेंद्र व श्रुति संगीत विद्यालय चिटौद व लोक मंच सोनहा बादर के प्राचार्य व डायरेक्टर जितेन्द्र साहू के कुशल व सफल निर्देशन मे, सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर विद्यालय के प्रांगण मे पंद्रह दिवसीय निःशुल्क समर क्लास 13 मई से शुभारम्भ किया गया है।

लगभग 150 बच्चे प्रशिक्षण का लाभ उठा रहे है, सभी विधाओं के लिए शिशु मंदिर पुरुर के प्राचार्य कटेंद्र के द्वारा अलग अलग रूम की व्यवस्था की गई है, संगीत विद्यालय के प्राचार्य व सोनहा बादर के संचालक जितेंद्र साहू ने बताया कि सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चो मे शिक्षा संस्कार के साथ साथ संगीत व सभी महत्वपूर्ण विधाओं की जानकारी यंहा के प्राचार्य, आचार्य व दीदी जी जनो के माध्यम से निरंतर बच्चो को मिलता आ रहा है स मै भी साक्षी हूँ, विगत 10 – 15 वर्षो से शिशु मंदिर के साथ जुड़ने का सौभाग्य मिलते आ रहा है, इस बार भी प्राचार्य वेद प्रकाश कटेंद्र के साथ विचार मंथन कर 15 दिवसीय कार्यशाला मे सहभागिता निभाने का सुअवसर प्राप्त हुआ। आयोजित समर क्लास मे प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा शास्त्रीय गायन, लोक संगीत, तबला, पैड, कत्थक नृत्य, लोक नृत्य, वेस्टन डांस, कम्प्यूटर, पैरामेडिकल क्लास, मंच संचालन, पंच गव्य चिकित्सा, योगा, नाड़ी जानकारी, एक्यूप्रेशर सहित शिक्षा व संस्कार के महत्वपूर्ण बिन्दुओ पर रोजाना सुबह 9 बजे से 12 बजे तक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बच्चो का रुझान भी तारीफे काबिल है। समर क्लास के शिक्षक जितेन्द्र साहू, वेद प्रकाश कटेंद्र,जागृति साहू, आकांक्षा साहू, ऋषभ साहू, युवराज साहू, पंकज साहू, राहुल साहू, रेणुका यादव, सहित शिशु मंदिर के आचार्य जी, दीदी जी व कार्यकर्ता बहन जी समयपूर्व उपस्थित होकर समर क्लास मे अमूल्य योगदान देते आ रहे है। इस अवसर पर समर क्लास आयोजन मे ग्रामीण आदरणीय जनो ने वरिष्ठ जनो ने व गुरुजनो भरपूर प्यार आशीर्वाद के साथ शुभकामनायें व्यक्त किए।



गंजेपन का ईलाज



अत्याधुनिक तकनीक द्वारा केश प्रत्यारोपण
FUT एवं FUE तकनीक द्वारा
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

